(घ) क्या इस परियोजना के आसपास का क्षेत्र अनुमेय सीमाओं से ज्यादा प्रदूषित होता जा रहा है ;

(ङ) यदि हां, तो प्रदूषण को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं तथा उनके क्या परिणाम रहे ; और

(च) मध्य प्रदेश में ऐसे विस्थापित लोगों की संख्या कितनी है तथा उनमें से कितने लोगों का पुनर्वास किया जा चुका है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) 744 हेक्टेयर ।

(ख) जी, हां ।

(ग) सरकार द्वारा निर्धारित मानदण्डों और उच्चतम न्यायालय द्वारा समादेश याचिक संख्या 1061/82 वनवासी आश्रम बनाम उत्तर प्रदेश राज्य में वर्णित दिशा-निर्देशों के अनुसार विस्थापितों का पुनर्वास किया जाना है।

(घ) जी, नहीं ।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

(च) रिहन्द सुपर थर्मल पावर परियोजना मध्य प्रदेश में लोग विस्थापित नहीं होंगे ।

प्रदूषक नियंत्रक उपकरण

833. **श्री अजीत जोगी** : क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(क) क्या यह सच है कि मथुरा तेल शोधक कारखाने द्वारा दिसम्बर 1991 में प्रदूषण नियंत्रक उपकरण लगाया गया था;

(ख) यदि हाँ; तो उस पर कुल कितना खर्च आया था ; और

(ग) यदि नहीं तो, प्रदूषण नियंत्रक अधिनियम के अधीन मथुरा तेल शोधक कारखाने के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) और (ख) जी, हां । मथुरा तेल शोधक कारखाने ने लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से प्रदूषण नियंत्रण उपाय किए हैं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

हिमालय क्षेत्र में वनों का विनाश

834. **कुमारी आलिया** : क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने कि कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हिमालय क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वनों का विनाश हो रहा है और पेड़ों की कटाई हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो उस के क्या कारण है ;

(ग) हिमालय क्षेत्र को बचाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं ; और

(घ) सरकार द्वारा खनन हेतु पट्टे पर दिए गये क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है तथा इसमें कितने क्षेत्र का पट्टा रद्द किए जाने का प्रस्ताव है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमलनाथ) : (क) और (ख) हिमालय क्षेत्र में वनों का बड़े पैमाने पर विनाश और कटाई नहीं की गई है। भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा क्रमशः 1981—83 और 1985—87 से सम्बन्धित भूमि उपग्रह प्रतिविम्बिकी के प्रयोग से 1987 और 1989 में किए गए मूल्यांकन के दौरान हिमालयी क्षेत्र में वास्तविक वन आच्छादन 1,87,000 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर 1,94,161 वर्ग किलोमीटर हो गया है ।

(ग) हिमालयी क्षेत्र के संरक्षण के लिए सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों में निम्नलिखित शामिल हैं :—

1. वन भूमि के वनेतर प्रयोजनों के लिए प्रयोग को रोकने हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 बनाया गया ।